Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,

फतेहपुर–212601

पत्रांक : 1975 / M-7 / 126 दिनांक 25.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर के ई–संस्करण दिनांक 24.08.2026 में प्रकाशित शीर्षक "एक साल से जल जीवन मिशन की सड़कें बदहाल:फतेहपुर के सुल्तानपुर घोष में ग्रामीण फिसलकर हो रहे चोटिल" के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **दैनिक भाष्कर** के ई–संस्करण, दिनांक 24.08.2026 में प्रकाशित **"एक साल से जल जीवन मिशन की सड़कें बदहाल:फतेहपुर के सुल्तानपुर घोष में ग्रामीण फिसलकर हो रहे चोटिल"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड– ऐंराया अन्तर्गत सुल्तानपुर घोष पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम अन्तर्गत मे0 बाबा जी0ए0इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में योजना पर योजना पर वितरण प्रणाली बिछाते समय क्षतिग्रस्त हुए मार्गो को मोटरेबल करा दिया गया है। पाइप लाइन की ट्रायल एवं टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कराकर क्षतिग्रस्त हुए मार्गो की मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा।

**सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

# एक साल से जल जीवन मिशन की सड़कें बदहाल: फतेहपुर के सुल्तानपुर घोष में ग्रामीण फिसलकर हो रहे चोटिल

आदर्श द्विवेदी | ऐराया, फतेहपुर
2 दिन पहले



जल जीवन मिशन की सड़कें बदहाल।

फतेहपुर के हुसैनगंज विधानसभा क्षेत्र में स्थित सपा विधायक के गांव सुल्तानपुर घोष में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कें एक साल से बदहाल पड़ी हैं। हर घर जल योजना के तहत काम पूरा होने के बावजूद सड़कों की मरम्मत न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान इन सड़कों पर फिसलकर लोग आए दिन चोटिल हो रहे हैं।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us